हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 11 अगस्त, 2025

ऑपरेशन सिंदूर: भारत की तरफ आंख उठाने वाले को अब बख्शा नहीं जाएगा 12



नशे में वाहन चलाने वाले 30 चालकों पर कार्रवाई 12



## खबर संक्षेप

### परिचित की जानकारी देकर 10 हजार ठगे

**रतिया।** सदर पुलिस ने एक व्यक्ति के मोबाइल फोन के माध्यम से 10 हजार रुपये की ठगी करने के मामले में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव खाई निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह टाइल मिस्त्री का काम करता है और गत दिनों उसके पास एक मोबाइल नंबर से फोन आया जिस पर फोन करने वाले व्यक्ति ने बताया कि वह शहर के शिव मंदिर कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार बोल रहा है जिसके घर पर आप काम करके गए थे सुनील ने बताया कि फोन करने वाले ने कहा कि उसका बेटा बहुत बीमार है।

### घर में घुसकर तोड़फ़ोड़ व मारपीट करने वाला काबू

**फतेहाबाद।** अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शहर फतेहाबाद के अंतर्गत आने वाली गुरुनानकपुरा पुलिस चौकी की टीम ने एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी तीन मामलों में वांछित चल रहा था और पहले से ही उसके खिलाफ 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी की कार्रवाई सहायक उपनिरीक्षक सोहन सिंह के नेतृत्व में की गई, जिसमें पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रवि कुमार उर्फ मोटा को गिरफ्तार किया।

### युवक को चोरीशुदा बाइक सहित किया गिरफ्तार

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित युवक को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि पुलिस टीम किसान चौक क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोका गया। पूछताछ में पता चला कि बाइक चोरी की है जिसकी करनाला सिविल लाइन थाना में मामला दर्ज है। वाहन चालक ने पूछताछ में अपना नाम बबलू पुत्र सतपाल सिंह, निवासी हनुमानगढ़ राजस्थान, हाल सिकलीगर मोहल्ला सिरसा के रुप में बताया।

### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में मनाया रक्षाबंधन पर्व

**सिरसा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में राखी का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें काफी संख्या में संगत पहुंची और सभी ने साध्वी बहनों से राखी बंधवाई। कार्यक्रम में नगरपरिषद अध्यक्ष शांति स्वरूप परिवार सहित पहुंचे जहां उन्होंने भी साध्वी बहनों से राखी बंधवाई। साध्वी पूषा भारती ने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन का पवित्र त्यौहार है। उन्होंने कहा कि बहनें भी अपने भाई को रक्षा सूत्र बांधते वक्त ये संकल्प करवाएं कि वो नशा नहीं करेंगे और समाज को एक नई दिशा देने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

### डोर टू डोर कचरा उठान के टेंडर को लेकर गंभीर नहीं है नगरपरिषद

# कचरा उठान के लिए लोग नगरपालिका कर्मियों के भरोसे, जगह-जगह कचरा फैला

पार्षद व अधिकारी खामोश, शिकायत के लिए ना कोई केंद्र ना हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर में सफाई व्यवस्था का टेंडर न होने से शहर के हर मोहल्ले, कालोनियों व बाजारों में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। हालात यह है कि गलियों व प्रमुख बाजारों में में कचरा जमा है। दुकानदार पूरा दिन कचरा गाड़ी का इंतजार करते हैं लेकिन नगरपरिषद के गाड़ी चालक अपनी मर्जी से ही कूड़ा उठाने पहुंचते हैं। बड़ी बात यह है कि कचरे की सूचना देने के लिए न कोई शिकायत केंद्र बनाया है और न ही कोई हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। आलम यह है कि कोई आम व्यक्ति अपने इलाके में फैली गंदगी के लिए परिषद को सूचित नहीं कर सकता। आम लोग परिषद के कर्मचारियों के रहमोकरम पर निर्भर हैं। कर्मचारी आएंगे, तभी कचरा उठेगा। अगर कर्मचारी नहीं आते तो गंदगी नहीं उठेगी। शहर में सफाई व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। रिहायशी एरिया से लेकर शहर के मुख्य बाजारों में गंदगी के ढेर पड़े नजर आते हैं। आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बदहाल सफाई व्यवस्था देकर नगर आयुक्त ने परिषद के अधिकारियों पर लताड़ लगाई थी। स्वच्छता रैंकिंग में भी फतेहाबाद नगरपरिषद हमेशा पीछे रहता है।



**फतेहाबाद।** नगरपरिषद कार्यालय में खड़ी कचरा उठाने वाली गाड़ियां।

### सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण पर भी सवाल

केंद्र सरकार की ओर से 17 जुलाई को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 का रिजल्ट जारी किया गया। जिसमें नगर परिषद फतेहाबाद को हरियाणा प्रदेश स्तर पर चौथा स्थान मिला था। नेशनल लेवल पर फतेहाबाद शहर को 70वां रैंक प्राप्त हुआ था। स्वच्छता सर्वेक्षण में फतेहाबाद शहर का नेशनल लेवल के रैंक में सुधार होना शहरवासियों के लिए भी किसी अचम्भे से कम नहीं है। अब जब शहर में सफाई का टेंडर नहीं हो रहा। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। चिल्ली झील की बदहाली के चलते शहर में मच्छरों की भरमार है। ऐसे में स्वच्छता सर्वेक्षण पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस बार पता नहीं क्या सेटिंग काम कर गई कि प्रदेश में शहर चौथे स्थान पर आ गया हालांकि पिछले 6 महीने से परिषद के सफाई के तामझाम भी जवाब दे गए हैं। कहने को तो शहर से कचरा उठाने वाले 13 टिप्पर है लेकिन यह कहां रहते हैं, यह किसी को पता नहीं। परिषद के सफाई निरीक्षक का मानना है कि कुछ मोहल्लो में गाड़ी इसलिए नहीं आती क्योंकि कभी-कभार टिप्पर खराब हो जाते हैं। पूरे शहर में नियमित रूप से डोर-टू-डोर कचरा उठान नहीं हो रहा है। कचरे से भरे टिपर वार्डों में जगह-जगह खड़े नजर आते हैं। स्थिति यह होने लगी है कि खराब सफाई व्यवस्था को लेकर पार्षद सोशल मीडिया पर लाइव आकर शहर के हालात बताते हैं। परिषद में 27 वार्ड हैं। जिनमें कचरा उठान के लिए 13 टिपर खरीदे गए थे। प्रत्येक दो वार्ड में एक टिपर लगाया गया था। नगरपरिषद के पास सफाई के लिए 160 कर्मचारी है। इनमें से 40 के करीब कर्मचारी अधिकारियों के घरों में काम करते हैं। शहर से प्रतिदिन 35 से 37 टन कचरा निकलता है। नगर परिषद के सेनेटरी इंस्पेक्टर महेश कुमार ने बताया कि जानकारी मिलने पर कार्रवाई करते हैं। कर्मचारियों को मौके पर भेजा जाता है। सफाई करवा दी जाती है।



**फतेहाबाद।** सैक्टर 9 में सडक पर लगे गंदगी के ढेर। *फोटो : हरिभूमि*



**फतेहाबाद।** अशोक नगर में सफाई ठप्प होने से सडक़ों पर फैला गंदा पानी।

### इन स्थानों पर लग रहे हैं कचरे के ढेर

शहर में हाइवे के किनारे, पुराने एसडीएम निवास के सामने, बीघड़ रोड, पीडब्ल्यूडी कार्यालय के बाहर, भट्टू रोड पर सिवाच अस्पताल के सामने, पुराने पीएनबी बैंक के सामने, अग्रसैन चौक, जवाहर चौक, तहसील चौक, लाजपत चौक पर अक्सर कचरे के ढेर लगे रहते हैं। जहां कचरे वाली गाड़ी दोपहर 2 बजे से पहले नहीं पहुंचती। इस बीच अगर कोई अवकाश पड़ जाए तो लोगों को कई-कई दिन कचरे की दुर्गंध सहनी पड़ती है।

# वीडियो कॉल से ब्लैकमेल करने वाला आरोपी काबू

- तीसरे आरोपी को राजस्थान से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



गिरफ्त में ब्लैकमेलिंग का आरोपी।

बिजली निगम के एएलएम को वीडियो कॉल के जरिए ब्लैकमेल करने के मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने राजस्थान के अलवर जिले से तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान असरुद्दीन उर्फ काला पुत्र सरसूखान निवासी तेलियावास, जिला अलवर, राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस बारे जानकारी देते हुए थाना सदर प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि इस बारे 19 जून 2024 को गांव मल्हड़ निवासी जनवीर, जो कि बिजली विभाग में एएलएम के पद पर कार्यरत हैं, ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, 12 जून को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्हाट्सएप कॉल और फिर वीडियो कॉल आई, जिसे उन्होंने अटेंड कर लिया। कॉल के दौरान अश्लील तरीके से वीडियो रिकॉर्ड कर लिया गया और फिर महिला द्वारा धमकाया गया कि अगर 25,000 रुपये नहीं भेजे, तो वीडियो को वायरल कर दिया जाएगा। डर के चलते पीड़ित ने 23,100 रुपये बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उसे दोबारा कॉल कर ब्लैकमेल किया गया, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

# पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपित से कुल्हाड़ा भी किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** पत्नी पर हमले के मामले में गिरफ्तार युवक। *फोटो : हरिभूमि*

अपनी पत्नी पर जानलेवा हमला करने के मामले में थाना सदर टोहाना के अंतर्गत आने वाली कुलां पुलिस चौकी की टीम ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लोहे का कुल्हाड़ा भी बरामद कर लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि 8 अगस्त को घरेलू कलह के चलते आरोपी शीशपाल उर्फ नन्हा पुत्र देवराज निवासी आकांवाली ने अपनी पत्नी पूजा उर्फ माला पर कुल्हाड़ी से हमला कर जान से मारने की कोशिश की। हमले में महिला को गंभीर चोटें आई। घटना की सूचना मिलते ही सहायक उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में कुलां चौकी की पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की। पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार कुल्हाड़ा भी बरामद कर लिया गया है।

# पुलिस ने चलाया स्वच्छता अभियान

- कर्मचारियों ने जिलेभर के थाना, चौकी एवं क्राइम यूनिटो में की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निरंतर प्रयासों से जिले में 'स्वच्छ थाना-चौकी, स्वच्छ समाज' अभियान के अंतर्गत प्रत्येक रविवार को प्रातः दो घंटे का श्रमदान किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जिले की सभी थानों, चौकियों एवं पुलिस यूनिट्स को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और प्रेरणादायक बनाना है। रविवार को भी जिलेभर में पुलिस कर्मचारियों ने थाना, चौकी एवं क्राइम यूनिटों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। जिले की पुलिस टीमें न केवल अपने कार्यालयों और परिसरों की सफाई कर रही हैं, बल्कि वहां सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण, रंगाई-पुताई, दस्तावेजों की सुव्यवस्था, अनुपयोगी वस्तुओं की छंटाई और



फतेहाबाद। थानों में सफाई अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

पुराने रिकॉर्ड का समुचित निपटान जैसे कार्य भी नियमित रूप से किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक माह सभी थानों का निरीक्षण किया जा रहा है, जिसमें साफ-सफाई, रिकॉर्ड प्रबंधन तथा संपूर्ण देखभाल की समीक्षा की जाती है। संबंधित थानों को आवश्यक सुधार तत्काल करने के निर्देश भी दिए जाते हैं। इस अभियान की विशेषता यह है कि इसमें हर स्तर के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं और सामूहिक श्रमदान के माध्यम से कार्यस्थलों को प्रेरक एवं अनुकरणीय रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह अभियान न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि पुलिस बल के भीतर सामूहिकता और सकारात्मक कार्यसंस्कृति को भी बढ़ावा दे रहा है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि जिले के प्रत्येक थाना एवं चौकी में आमजन के लिए स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छ, व्यवस्थित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही, आमजन के साथ सद्भावपूर्ण एवं मैत्रीपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए पुलिस कर्मियों को संवेदनशील बनाया गया है। एसपी ने जिले की आम जनता से अपील की जाती है कि वे अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखें और पुलिस प्रशासन के इस सकारात्मक प्रयास में सहभागी बनें।

# 25वीं जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता संपन्न



**सिरसा।** प्रतियोगिता के विजेता को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

- 109 योग खिलाड़ियों ने किया योगकला का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन सिरसा के तत्वावधान में 25वीं जिला योग प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों व योग केंद्रों के 109 योग खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी योग कला का प्रदर्शन किया। संघ के सचिव प्रो. आरसी लिंबा ने बताया कि विजेता खिलाडिय़ों को संघ के प्रधान देशकमल बिश्नोई ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया, जबकि डीपीई विनोद कुमार, प्रवक्ता राजेश कुमार, योगाचार्य राजकुमार चांदोरा, कीर्ति इंसां ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस अवसर लालचंद गोदारा, ईलम चंद सहित अन्य सदस्य, इंचार्ज व अभिभावक गण उपस्थित रहे।

### ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

प्रतियोगिता में 8-10 वर्ष के आयु वर्ग के लडक़ों में सीआरडीएवी ऐलनाबाद का वासुदेव प्रथम, संस्कार योग केंद्र कागदाना के लवेश व अमन क्रमशः द्वितीय, तृतीय रहे और लड़कियों में संस्कार योग केंद्र की रिया प्रथम, शाह सतनाम जी स्कूल की रश्मीत कौर द्वितीय और संस्कार योग की दीपांशी तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार 10-12 आयु गुरप में लडक़ों में संस्कार योग केंद्र का ऋतिक प्रथम व लड़कियों में शाह सतनाम जी स्कूल की रीना प्रथम, संस्कार योग केंद्र की भूमिका द्वितीय व अक्षरा तृतीय रही। 12-14 आयु गुरप के लडक़ों में संस्कार योग केंद्र के रोहित प्रथम, चवन द्वितीय व जीएसएस मिठनपुरा का हिमेश तृतीय रहा, जबकि लड़कियों में एसएसजी स्कूल की स्नेहा लाठर, वसुंधरा, खुशी क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही।

### ये रहा परिणाम

इसी प्रकार 16-18 आयु वर्ग के लडक़ों में संस्कार योग केंद्र का मनीष प्रथम, अंकित द्वितीय और लड़कियों में एसएसजी स्कूल की कायना प्रथम, संस्कार योग की सरीना द्वितीय रही व सिमरनदीप व आरजू संयुक्त रूप से तृतीय रही। वहीं 18-21 वर्ग के लडक़ों में सीडीएलयू का आशीष प्रथम, योग मित्र ट्रस्ट का टोनी वर्मा द्वितीय व संस्कार योग केंद्र का नवीन तृतीय रहा और लड़कियों में बकरियांवाली की मोनिका प्रथम, सीडीएलयू की गीता द्वितीय व एसएसजी कॉलेज की ऋतु तृतीय रही। 21-25 वर्ग में लड़कियों में एसएसजी कॉलेज की निशा प्रथम, संस्कार केंद्र की ममता द्वितीय, सीडीएलयू की संध्या तृतीय और लडक़ों में अंश प्रथम, संस्कार केंद्र का गोविंद द्वितीय रहा। 25-30 वर्ग में पंकज ढाका प्रथम, 30-35 महिला वर्ग में ऐलनाबाद की लक्ष्मी और पुरुष वर्ग में हरजीराम तथा 35-45 के महिला वर्ग में सीमा प्रथम, सिलोचना द्वितीय व किशनपुरा की पूनमा तृतीय रही।




# पुलिस ने नशीली गोलियों का जखीरा पकड़ा, मेडिकल स्टोर किया सील

**सिरसा।** कालांवाली पुलिस ने मंडी कालांवाली के दो मकानों पर दबिश देकर भारी मात्रा में नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियों व कैप्सूलों का जखीरा बरामद कर मेडिकल स्टोर सील किया है। मेडिकल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कालांवाली चौकी पुलिस प्रभारी ताराचंद ने बताया कि पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर ड्रग कंट्रोलर केशव वशिष्ठ को साथ लेकर मंडी कालांवाली में वार्ड नंबर 15 के दो मकानों पर दबिश देकर नशे में प्रयुक्त होने वाली 13,340 गोलियां टेम्पेंटाडोल, 990 गोलियां केलिनडोल, 900 गोलियां जोपिक्लोन, 280 गोलियां नेफोपाम व 35,490 कैप्सूल प्रेगाबलीन के बरामद किए गए हैं। ये दोनों मकान आरोपी संदीप के ही हैं। जो आरोपी इन दवाओं को अपने मेडीकल संदीप मेडिकल हाल पर अवैध तरीके से बेचता था। मेडिकल भी सील किया गया है। उन्होंने बताया कि डबवाली पुलिस की मेडिकल नशे के खिलाफ चंद दिनों में यह चौथी बड़ी कार्रवाई है।

### गांव में नहरी पानी की सप्लाई होगी सृदृढ, जल्द शैड्यूल होगा तैयार: बराला

# सिंचाई व पीने के पानी को लेकर सांसद से मिले ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

गांव जाण्डली कलां के किसान और ग्रामीण रविवार को सिंचाई व पीने के पानी की समस्या को लेकर सांसद सुभाष बराला से मिले। ग्रामीणों ने वर्तमान में नहरी पानी की सप्लाई अनियमित होने के कारण खेतों की सिंचाई में कठिनाई आ रही है। इसके साथ ही, पीने के पानी की भी नियमित और स्वच्छ आपूर्ति न होने से ग्रामीण परेशान हैं। इस पर सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव पानी की आपूर्ति इस तरह की जाए कि खेतों को समय पर सिंचाई मिले और घरों में भी पेयजल की कमी न हो। इस प्रतिनिधिमंडल में गांव के सरपंच, पंच, किसान, महिला प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि जांडली कलां गांव के किसानों और ग्रामीणों को सिंचाई एवं पीने के पानी की किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ट्यूबवेल से पानी की आपूर्ति पर निर्भरता घटाने के लिए नहरी पानी की सप्लाई को प्राथमिकता के आधार पर मजबूत किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि गांव को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध करवाने की व्यवस्था तुरंत की जाए। ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि वर्तमान में नहरी पानी की सप्लाई अनियमित होने के कारण खेतों की सिंचाई में कठिनाई आ रही है। इसके साथ ही, पीने के पानी की भी नियमित और स्वच्छ आपूर्ति न होने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद सांसद ने मौके पर ही अधिकारियों से बात कर नहरी पानी की सप्लाई को बढ़ाने और समयबद्ध शेड्यूल तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी की आपूर्ति इस तरह की जाए कि खेतों को समय पर सिंचाई मिले और घरों में भी पेयजल की कमी न हो। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को कहा कि पेयजल की गुणवत्ता की जांच नियमित रूप से की जाए, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और स्वच्छ पानी मिले।




**फतेहाबाद।** सांसद सुभाष बराला से मिलते गांव जाण्डली कलां के ग्रामीण।

### किसानों के लिए चलाई जा रही अनेक योजनाएं

सांसद ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें ग्रामीण विकास और किसानों की खुशहाली के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं। सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करना और पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि जांडली गांव में समस्या के समाधान के बाद इसकी लगातार निगरानी भी की जाएगी, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर गांव के प्रतिनिधियों ने सांसद का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी सक्रिय पहल से समस्या का समाधान शीघ्र होगा। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से वे इस समस्या का सामना कर रहे थे, लेकिन अब उम्मीद है कि नहरी पानी की पर्याप्त और नियमित सप्लाई मिलने से खेतों की पैदावार बढ़ेगी और घरों में पानी की कमी दूर होगी।



गधे के दूध से बना पनीर दुनिया का सबसे महंगा पनीर होता है जिसकी कीमत 80,000/किलोग्राम तक होती है।



सीहोर्स इकलौती ऐसी प्रजाति है जिनमें मादा गर्भवती न होकर नर गर्भवती होते है और बच्चों को जन्म देते हैं।

# अग्नि पथ योजना के तहत नौकरी पाकर बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

अगर आप भी भारतीय सेना में शामिल होना चाहते हैं मगर अग्निवीर योजना क्या है? आपको इस बारे में कोई जानकारी नहीं है तो परेशान ना हो। आज हम आपको इस बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध करवा रहे हैं। आपको बता दे कि सेना के तीनों अंगों में अब भर्तियां अग्नि वीर योजना के तहत की जाती है। सरकार की तरफ से एक नई योजना शुरू की गई है जिसका नाम है अग्निपथ योजना। इस योजना के तहत युवाओं को हमारे देश की तीनों सेनाओ, आर्मी, नेवी और एयरफोर्स में नौकरी दी जाती है। अग्नि वीर योजना की योग्यता, भर्ती प्रक्रिया और वेतन के साथ मिलने वाले फायदे आदि के बारे में समझते हैं।

## क्या है योजना

इस योजना के तहत नियुक्ति पाने वाले उम्मीदवारों को अग्नि वीर कहा जाता है तथा सरकार की इस स्कीम में रिटायरमेंट का प्रावधान है। केंद्र सरकार का कहना है कि रिटायरमेंट के बाद अग्निवीर खुद का कारोबार करने से लेकर नौकरी तक कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें राज्य सरकारों की तरफ से सहायता भी मिलेगी। अग्निपथ स्कीम के तहत भर्ती होने वाले सेना के जवानों को अग्निवीर कहा जाएगा। हालांकि शुरुआत में इस योजना का कड़ा विरोध किया गया था। योजना के तहत जवानों की आयु सीमा 17.5 साल से 21 साल तय की गई है। ऐसे में बहुत से युवाओं का सेवा में शामिल होने का सपना टूट गया, जिसको लेकर भयंकर आक्रोश देखा गया।

## क्या होती है प्रक्रिया

अग्निपथ योजना के माध्यम से अब आठवीं, दसवीं व बारहवीं पास युवाओं को सेना के तीनों अंगों थल सेना, जल सेना या नौसेना, वायु सेना में अग्निवीर के रूप में 4 साल तक पेशेवर सैनिक के रूप में सेवा देने का अवसर दिया जाएगा। इसके तहत भविष्य में मेरिट और संगठन की जरूरत को देखते हुए 25 प्रतिशत तक अग्निवीर सैनिकों को सेना में 4 वर्ष की सेवा के बाद भी रिटेन किया जाएगा। वहीं चार साल की नौकरी के बाद बाकी के 75 प्रतिशत युवाओं को एक मुश्त राशि के साथ-साथ सरकार की ओर से तकनीकी योग्यता का सर्टिफिकेट दिया जाएगा, जिससे उन्हें भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में क्षमता अनुसार नौकरी पाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही सभी उम्मीदवार नियमित संवर्ग में भर्ती के लिए वॉलन्टियर के रूप में भी आवेदन कर सकते हैं।

## अग्नि वीर भर्ती प्रक्रिया

अगर इस बारे में बात करें की अग्निपथ योजना के तहत उम्मीदवारों की नियुक्ति किस प्रकार होगी तो आपको बता दें कि अग्निपथ भर्ती योजना के तहत उम्मीदवारों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। जिसमें पहले चरण में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी तथा द्वितीय चरण में भर्ती रैली का आयोजन होगा। अग्निपथ पात्रता मानदंड के मुताबिक अग्निपथ भर्ती योजना के लिए आवेदन देने वाले युवाओं की न्यूनतम आयु 17 साल 6 महीने और अधिकतम आयु 21 साल निर्धारित की गई है। अग्निपथ भर्ती योजना के तहत युवाओं को ट्रेनिंग पीरियड के साथ कुल 4 वर्षों के लिए स्शस्त्र सेवा बल में फुल टाइम काम करने का अवसर मिलेगा, जिसके लिए भर्ती सेना के तय नियमानुसार ही की जाएगी।

## महिलाएं भी कर सकती हैं आवेदन

### तीनों अंगों में होती भर्ती

इस योजना की विशेषता ये है कि इस योजना के तहत न केवल पुरुष, बल्कि महिलाएं भी आवेदन कर सकती हैं। युवा इस योजना के माध्यम से सेना के तीनों प्रमुख अंग यानि कि थल सेना, वायु सेना और नौ सेना में नियुक्ति पा सकते हैं और देश सेवा कर सकते हैं। अगर हम अग्नि वीर की सैलरी के बारे में बात करें तो उन्हें कई तरह के भत्ते और वेतन दिया जाता है। अग्निवीरों को तीन सेवाओं में जोखिम और कठिनाई भत्ते के साथ एक आकर्षक कस्टमाइज्ड मासिक पैकेज मिलता है। चार साल की सेवा अवधि पूरी होने पर, अग्निवीरों को एकमुश्त 'सेवा निधि' पैकेज की पेमेंट की जाती है। सेवा निधि राशि इनकम टैक्स से फ्री होती है।

### इस प्रकार मिलती है सैलरी

वहीं अग्निपथ स्कीम सैलरी की बात करें, तो अग्निपथ स्कीम के तहत पहले साल युवाओं को 30 हजार रूपए प्रति महीने दिए जाएंगे, जिसमें से लगभग 9000 रूपए उनकी मासिक आय से काट ली जाएगी और उसे उनके बचत खाते में जमा किया जाएगा। इसके बाद उतना ही हिस्सा सेना भी उनकी सेविंग में जमा करेगी। हर साल सैलरी बढ़ने के साथ-साथ बचत खाते में जमा की जाने वाली रकम मैं भी बढ़ोतरी होगी। साथ ही 4 साल बाद जब ये युवा सेना से रिटायर होंगे, तब उन्हें लगभग 11,70,000 सेवा निधि के रूप में प्रदान किए जाएंगे। अग्निवीरों का वेतन पैकेज पहले वर्ष 4.76 लाख रुपये व अंतिम वर्ष का पैकेज 6.92 लाख रुपये होगा। इसके अतिरिक्त सेना ऐसे युवाओं को एक विशेष सर्टिफिकेट भी प्रदान करेगी जिसकी वजह से उन्हें विभिन्न पदों पर नौकरी पाने में मदद मिलेगी।

### सैलरी के अलावा अग्निवीर योजना के फायदे

विभिन्न राज्यों ने अग्निवीरों को सेवाओं में प्राथमिकता देने के बारे में कहा भी हैं। इन सब के अलावा अग्निवीरों का 48 लाख रुपए का गैर-अंशदाई जीवन बीमा भी किया जाएगा। इस प्रकार अग्नि वीरों को कई तरह के बेनिफिट दिए जाएंगे। वहीं यदि सेवा के दौरान किसी की मृत्यु हो जाती है, तो जवान के परिवार को 44 लाख रुपये दिए जाएंगे। इन 44 लाख रुपयों के अलावा सरकार ऐसे शहीदों के बचे हुए सेवाकाल (अधिकतम 4 साल) के वेतन को भी प्रदान करेगी। साथ ही अग्निपथ योजना के माध्यम से भर्ती हुए जवानों को मिलने वाली सेवानिधि भी, शहीद के परिवार को प्रदान कर दी जाएगी।

---

बी-कॉम तीन वर्षों की स्नातक डिग्री, चमका सकती है आपका करियर

# बी कॉम के बाद करियर के विकल्प : सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में सुनहरे अवसर मौजूद

## वित्तीय प्रबंधन व कॉर्पोरेट जगत की समझ दे रही

डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



अक्सर देखने में आता है कि बी-कॉम करने के बाद छात्र करियर को लेकर काफी संजीदा हो जाते हैं। जेहन में कई तरह के साल उठते हैं कि अब क्या करें। यानी करियर कैसे बनाएं। अगर आपने भी बी-कॉम किया है तो घबराएं नहीं और सरकारी और निजी क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाते हुए आपने करियर को नई उड़ान दें। इससे आप आपने सुनहरे भविष्य को चमका सकते हैं। बैचलर ऑफ कॉमर्स यानी बी-कॉम तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, जो छात्रों को व्यवसाय, वित्तीय प्रबंधन और कॉर्पोरेट वातावरण की मूलभूत समझ देती है। इस कोर्स में विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जाता है। जैसे फाइनेंसियल एकाउंटिंग, कॉस्ट एकाउंटिंग, मैनेजमेंट एकाउंटिंग, इनकम टैक्स लॉ, जी एस टी, बैंकिंग और बीमा, बिज़नेस लॉ, कंपनी लॉ, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, लेखा परीक्षा, ई-कॉमर्स, कंप्यूटर एप्लीकेशन और व्यापार संचार। वहीं, बी कॉम ऑनर्स पाठ्यक्रम इन विषयों का और अधिक गहन अध्ययन कराता है, जहां छात्र किसी एक विषय में विशेषज्ञता प्राप्त करते हैं जैसे कि फाइनेंस, टैक्सेशन, बैंकिंग या अकाउंटिंग। बी-कॉम का यह बहुआयामी ढांचा छात्रों को उच्च शिक्षा, सरकारी सेवाओं और कॉर्पोरेट नौकरियों की तैयारी के लिए उपयुक्त बनाता है।

*फाइनेंसियल एकाउंटिंग, कॉस्ट एकाउंटिंग, मैनेजमेंट एकाउंटिंग, इनकम टैक्स लॉ, जी एस टी, बैंकिंग और बीमा, बिज़नेस लॉ, कंपनी लॉ, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, लेखा परीक्षा, ई-कॉमर्स, कंप्यूटर एप्लीकेशन और व्यापार संचार में अपार संभावनाएं*

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका : एक आवश्यक पूरक

बी-कॉम की शैक्षणिक पृष्ठभूमि एक मजबूत आधार देती है, लेकिन जब तक छात्र व्यावहारिक और इंडस्ट्रियल स्किल्स नहीं विकसित करते, तब तक कॉर्पोरेट दुनिया में प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो सकता है। इसलिए वर्तमान समय में कंपनियां उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता देती हैं जो अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ तकनीकी दक्षताओं से भी लैस हों। चाहे वह एक फर्म में अकाउंटेंट की नौकरी हो या किसी स्टार्टअप में ऑपरेशंस की भूमिका, हर जगह कुशलता की मांग है।



**स्टार्टअप्स**

- बिज़नेस डेवलपमेंट ट्रेनी
- अकाउंट्स ऑपरेटर
- एडमिन सहायक

### इंडस्ट्री के लिए आवश्यक कौशल

**प्रभावशाली संवाद कौशल**

- **डिजिटल दक्षता:** एम एस एक्सेल, टैली, क्विक बुक्स
- डेटा अनालिसिस एवं एम आई एस रिपोर्टिंग
- कार्य योजना और समय प्रबंधन
- प्रोफेशनल एटीकेट्स और ईमेल लेखन
- बेसिक बिजनेस एथिक्स और ग्राहक सेवा दृष्टिकोण
- ये सभी स्किल्स आज ऑनलाइन

**निजी क्षेत्र में जॉब के लिए ऑप्शन**

- एकाउंटिंग फर्म
- जी एस टी असिस्टेंट
- टैक्स क्लर्क
- जूनियर अकाउंटेंट

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

निजी क्षेत्र में बीकॉम डिग्रीधारकों के लिए जॉब प्रोफाइल की व्यापकता दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। अकाउंटिंग, टैक्सेशन, बैंकिंग, बीमा, रिटेल, डिजिटल मार्केटिंग, सप्लाई चेन, ह्यूमन रिसोर्सेज और एडटेक जैसे क्षेत्रों में रोजगार के बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं। अगर वेतन की बात करे तो, निजी क्षेत्र में बीकॉम डिग्री धारको के लिए आरंभिक वेतनमान 18,000–30,000 रुपये मासिक के बीच होता है। वहीं अनुभवी प्रोफेशनल्स 40,000–80,000 रुपये मासिक या उससे अधिक कमा सकते हैं।

### कॉरपोरेट सेक्टर

- एमआई एस एग्जीक्यूटिव
- अकाउंट्स असिस्टेंट
- रिक्रूटमेंट कोऑर्डिनेटर

**डिजिटल व ई-कॉमर्स**

- डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनी
- सोशल मीडिया सहायक
- एसइओ विश्लेषक

**बीमा व वित्त संस्थान**

- लोन प्रोसेसिंग ऑफिसर
- सेल्स रिलेशनशिप मैनेज

**बीपीओ / केपीओ**

- डाटा विश्लेषक
- बैंक ऑफिस सहायक
- ग्राहक सेवा कार्यकारी

### सरकारी क्षेत्र में नौकरी के ऑप्शन

- सरकारी क्षेत्र में बीकॉम डिग्रीधारकों के लिए नौकरियों की संख्या एवं विविधता अत्यंत अधिक है। बैंकिंग, बीमा, डाक विभाग, रेलवे, रक्षा सेवाएं, कर्मचारी चयन आयोग और संघ लोक सेवा आयोग जैसी संस्थाएं हर वर्ष हजारों रिक्तियां जारी करती हैं। सरकारी क्षेत्र में एक बीकॉम डिग्री धारक को प्रारंभिक वेतनमान 30,000–45,000 रुपये मासिक मिल सकता है। वहीं अनुभव के साथ यह वेतन 70,000–1,20,000 रुपये मासिक तक संभव है।

**इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर**

**बैंकिंग और बीमा क्षेत्र**

- एसबीआई प्रोबेशनरी अफसर /क्लर्क
- आईबीपिएस प्रोबेशनरी अफसर/क्लर्क
- आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट
- एलआईसी अकाउंट अफसर
- असिस्टेंट मैनेजर

**यूपीएससी सेवाएं**

- आईऐएस
- आईपीएस
- आईईएस
- आईआरएस

**राष्ट्रीय एवं राज्य स्टाफ सिलेक्शन कमीशन**

- इनकम टैक्स असिस्टेंट
- ऑडिटर
- अकाउंटेंट
- ग्राम सचिव
- जूनियर अकाउंटेंट
- टैक्स इंस्पेक्टर

**रक्षा सेवाएं**

- लेफ्टिनेंट
- आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
- अकाउंट अफसर
- एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
- लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
- टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**डाक विभाग**

- पोस्टल असिस्टेंट
- सॉर्टिंग असिस्टेंट

**भारतीय रेलवे**

- अकाउंट्स क्लर्क
- जूनियर टाइमक कीपर

### उच्च अध्ययन के विकल्प

| पाठ्यक्रम | विवरण |
|---|---|
| चार्टर्ड अकाउंटेंसी | आईसीऐआई द्वारा संचालित, लेखा और टैक्स विशेषज्ञता |
| कंपनी सेक्रेटरी | आईसीएसआई द्वारा संचालित, कॉर्पोरेट लॉ और कंपनी गवर्नेंस |
| कॉस्ट मैनेजमेंट | अकाउंटेंट लागत नियंत्रण व प्रबंधन के लिए |
| एमबीए | प्रबंधन के क्षेत्र में वरिष्ठ पदों हेतु |
| एम कॉम | शिक्षा, शोध के लिए आवश्यक |
| एलएलबी | टैक्स लॉ, कॉर्पोरेट लॉ में करियर हेतु |

### संभावनाओं का समंदर

बी कॉम सिर्फ एक डिग्री नहीं बल्कि संभावनाओं का समंदर है। अगर छात्र इस पाठ्यक्रम को ईमानदारी और व्यावसायिक दृष्टिकोण से करें, आवश्यक कौशलों का निर्माण करें, और लक्ष्य को लेकर स्पष्ट रहें, तो वे नौकरी, व्यवसाय, या उच्च शिक्षा, किसी भी मार्ग में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

### करियर काउंसलर से सलाह लें

किसी भी करियर को चुनने से पहले करियर काउंसलर से सलाह लेना फायदेमंद होता है, ताकि आप अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही निर्णय ले सकें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर विजिट कर सकते हैं।

---

# सर्वश्रेष्ठ करियर पथ और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्राथमिकता जरूरी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के युग में, जहां प्रतिस्पर्धा और अवसर दोनों ही चरम पर हैं, छात्रों के सामने अपने करियर का सही रास्ता चुनने की चुनौती होती है। इसके साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। एक संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने के लिए, करियर और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। यह लेख छात्रों को प्रेरित करने और उनके सपनों को साकार करने में मदद करने के लिए है, साथ ही यह भी समझाने के लिए कि मानसिक स्वास्थ्य उनके करियर की नींव है। हर छात्र का एक सपना होता है। कोई डॉक्टर बनना चाहता है, कोई इंजीनियर, तो कोई कलाकार। लेकिन सपनों को हकीकत में बदलने के लिए सही दिशा और मेहनत की जरूरत होती है। सपनों को सच करने के लिए मेहनत और विश्वास चाहिए।

## अपनी ताकत और कमजोरियों को जानें

उदाहरण: डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, एक साधारण परिवार से निकलकर भारत के मिसाइल मैन और राष्ट्रपति बने। उनकी मेहनत और विज्ञान के प्रति समर्पण ने उन्हें देश का गौरव बनाया। अपने सपनों को पंख दें, जैसे कलाम साहब ने दिए! करियर चुनते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें।

**अपनी रुचि को पहचानें:** करियर का चुनाव करते समय सबसे पहले यह समझें कि आपको किस क्षेत्र में रुचि है। क्या आपको विज्ञान, कला, तकनीक या सामाजिक कार्य पसंद है? अपनी रुचि को समझकर आप उस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं, जहां आपका मन लगे।

**अपने कौशल का मूल्यांकन करें:** हर व्यक्ति में कुछ खास प्रतिभाएं होती हैं। अपनी ताकत और कमजोरियों को जानें। अगर आप गणित में अच्छे हैं, तो डेटा साइंस या इंजीनियरिंग आपके लिए बेहतर हो सकता है। अगर आप रचनात्मक हैं, तो डिजाइनिंग या लेखन जैसे क्षेत्र आपके लिए उपयुक्त हो सकते हैं।

**मार्गदर्शन लें:** शिक्षकों, माता-पिता, या करियर काउंसलर से सलाह लें। आजकल ऑनलाइन कई संसाधन उपलब्ध हैं, जैसे कि करियर टेस्ट और विशेषज्ञों की सलाह, जो आपको सही दिशा दिखा सकते हैं।

**लंबे समय के लिए सोचें:** करियर चुनते समय केवल तात्कालिक लाभ न देखें। यह सोचें कि क्या यह करियर आपको 10-20 साल बाद भी खुशी और संतुष्टि देगा। भविष्य में नौकरी की मांग और तकनीकी प्रगति को भी ध्यान में रखें।

**मानसिक स्वास्थ्य: आपकी सबसे बड़ी ताकत:** करियर की दौड़ में मानसिक स्वास्थ्य को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन यह आपकी सफलता की कुंजी है। एक स्वस्थ मन ही आपको कठिन परिस्थितियों में मजबूत बनाता है। मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए निम्नलिखित उपाय अपनाएं।

**तनाव को प्रबंधित करें:** पढ़ाई और करियर की योजना बनाते समय तनाव होना स्वाभाविक है। लेकिन इसे नियंत्रित करने के लिए नियमित व्यायाम, ध्यान (मेडिटेशन), या योग करें। गहरी सांस लेने की तकनीक भी तनाव कम करने में मदद करती है।

**सकारात्मक सोच रखें:** नकारात्मक विचारों से बचें। अगर आप किसी परीक्षा या साक्षात्कार में असफल हो जाते हैं, तो इसे अंत न समझें। हर असफलता आपको कुछ नया सिखाती है। सकारात्मक दृष्टिकोण आपको आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

## एक समय सारणी बनाएं

**संतुलन बनाएं:** पढ़ाई के साथ-साथ अपने शौक और सामाजिक जीवन को भी समय दें। दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक तनाव कम होता है और आप तरोताजा महसूस करते हैं।

**मदद मांगें:** अगर आपको लगता है कि आप तनाव, चिंता या अवसाद से जूझ रहे हैं, तो किसी विश्वसनीय व्यक्ति से बात करें। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ या काउंसलर से सलाह लेना कोई कमजोरी नहीं है, बल्कि यह आपकी ताकत को दर्शाता है।

**सपनों और स्वास्थ्य का संतुलन :** करियर की राह में सफलता तभी मिलेगी जब आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हों। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत करें, लेकिन अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना न भूलें। निम्नलिखित सुझाव दोनों के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद करेंगे:

**समय प्रबंधन:** पढ़ाई, विश्राम और मनोरंजन के लिए समय का उचित बंटवारा करें। एक समय सारणी बनाएं और उसका पालन करें।

**स्वस्थ जीवनशैली:** अच्छा खान-पान, पर्याप्त नींद और नियमित व्यायाम आपके शरीर, दिमाग को ऊर्जा देंगे।

**छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं:** बड़े सपनों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटें। हर छोटी उपलब्धि आपको आत्मविश्वास देगी।

**आभार व्यक्त करें:** अपने जीवन की अच्छी चीजों के लिए आभार प्रकट करें। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जस्टिस पार्टी आंदोलन, मद्रास से कौन संबंधित नहीं है?
(ए) सी. एन. मुदालियार
(बी) टी. एम. नायर
(सी) पी. त्यागराजन चेट्टी
(डी) ज्योतिबा फूले

**2.** द्रविड़ कड़गम / द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के संस्थापक थे
(ए) अन्नादुरै
(बी) सी. एन. मुदालियार
(सी) टी. एम. नायर
(डी) इनमें से कोई नहीं

**3.** निम्न में से कौन फरवरी 1918 में स्थापित यू. पी. किसान सभा की स्थापना से संबद्ध नहीं था?
(ए) इंद्र नारायण द्विवेदी
(बी) गौरी शंकर मिश्र
(सी) जवाहरलाल नेहरु
(डी) मदन मोहन मालवीय

**4.** भील सेवा मंडल (1922) की स्थापना किसने की?
(ए) अमृतलाल विट्ठलदास
(बी) महात्मा गाँधी
(सी) सी. एफ. एण्डूज
(डी) विनोबा भावे

**5.** अस्पृश्यता अपराध अधिनियम कब पारित हुआ?
(ए) 1935 ई० में
(बी) 1945 ई० में
(सी) 1955 ई० में
(डी) 1965 ई० में

**6.** 'आधुनिक युग का मनु' किसे कहा जाता है?
(ए) एम. जी. राणाडे
(बी) बी. आर. अंबेडकर
(सी) बी. एन. राव
(डी) महात्मा गाँधी

**7.** महाराष्ट्र में वासुदेव बलवंत फड़के का विद्रोह कब हुआ?
(ए) 1870 ई० में
(बी) 1875 ई० में
(सी) 1879 ई० में
(डी) 1889 ई० में

**8.** विशुद्ध गाँधीवादी तरीके से लड़ा गया पहला आदिवासी अहिंसक विद्रोह था
(ए) टाना भगत आंदोलन
(बी) चंपारण का नील सत्याग्नह
(सी) गुजरात का खेड़ा सत्याग्रह
(डी) इनमें से कोई नहीं

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(सी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(ए)

**खबर संक्षेप**

## एमए में एडमिशन के लिए काउंसलिंग शुरू

**फतेहाबाद।** चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा में एमए प्रथम वर्ष में एडमिशन के लिए फिजिकल काउंसलिंग चल रही है। जिस भी छात्रा ने एमए में एडमिशन लेना हो, वह छात्रा ऑनलाइन फॉर्म भरकर सभी डॉक्यूमेंट के साथ कॉलेज पहुंच कर एडमिशन पा सकती है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. लखबीर कौर ने बताया कि महाविद्यालय में एमए इकोनॉमिक्स, हिंदी, इंग्लिश, राजनीतिक विज्ञान, संस्कृत, मनोविज्ञान, एमकॉम विषयो में उपलब्ध है। इसके साथ बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए प्रथम वर्ष में भी एडमिशन के लिए फिजिकल काउंसलिंग चल रही है। अगर कोई छात्रा इनमें एडमिशन लेने से वंचित रह गई है तो वह भी फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेकर एडमिशन पा सकती है। अर्थशास्त्र विभाग की छात्रा रमन देवी इसी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर, बेअंत कौर पंजाब में असिस्टेंट प्रोफेसर तथा शर्मिला पीजीटी इकोनॉमिक्स के पद पर कार्यरत है तथा कुछ छात्राएं अन्य कॉलेजों में भी असिस्टेंट प्रोफेसर, पीजीटी इकोनॉमिक्स, स्टैटिकल डिपार्टमेंट में स्टैटिकल असिस्टेंट, इत्यादि पदों पर काम कर रही है।

### ग्राम पंचायतों और चौकीदारों से सांसद ने की मुलाकात

# ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा समाधान : सुभाष बराला

- बैठक में कई गांवों के सरपंच, पंच और ग्रामीण चौकीदारों का प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रविवार को क्षेत्र के नागरिकों, ग्राम पंचायतों और ग्रामीण चौकीदारों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। बैठक में कई गांवों के सरपंच, पंच और ग्रामीण चौकीदारों का प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहे।

पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की कमी, सडक़ों की मरम्मत, नालियों की सफाई और सामुदायिक भवनों के निर्माण से जुड़ी समस्याएं रखीं। विशेष रूप से पेयजल आपूर्ति की समस्या पर जोर देते हुए कहा गया कि गर्मी के मौसम में कई गांवों में पानी की किल्लत गंभीर रूप ले लेती है। सांसद बराला ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के जीवन स्तर में सुधार लाना और हर घर तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना है। सांसद ने कहा कि स्वच्छ और पर्याप्त पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। सरकार का संकल्प है कि हर घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पानी पहुंचे। हर घर नल से जल योजना इसी लक्ष्य को पूरा करने का मजबूत प्रयास है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त पीने का पानी उपलब्ध करवाया जाएगा।

उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस बारे निर्देश दिए और कहा कि गांवों में पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। ग्रामीण चौकीदारों के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगें रखीं। सांसद बराला ने इन मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि इन्हें संबंधित विभागों और अधिकारियों के समक्ष रखकर यथासंभव शीघ्र समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, मनरेगा, आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि सरकार ने लोगों के लिए कई योजनाएं चलाई हैं नागरिक इनका लाभ उठाये। उन्होंने नागरिकों को स्वच्छता, जल संरक्षण, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।


**टोहाना।** पंचायत सदस्यों व चौकीदारों की समस्याएं सुनते सांसद सुभाष बराला।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर जांडली सरपंच प्रतिनिधि विजय कमांडो, गाजूवाला सरपंच बिंद्र, धोला सरपंच नांगली, सुनील सरपंच इंदाछोई, राजेश बिश्नोई सरपंच ठरवा, राजकुमार सरपंच ठरवी, सुरेंद्र नांगली, पूर्व ब्लॉक समिति चैयरमेन सुरजीत भडिया, जयवीर मूंड, संदीप बेनीवाल, जिले सिंह बराला सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



सिरसा। बिश्नोई सभा की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

## 13 सितंबर को मनाया जाएगा बिश्नोई सभा सिरसा का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

बिश्नोई सभा सिरसा में रविवार को कार्यकारिणी की बैठक में हुई जिसमें आगामी 13 सितंबर को 51वें स्थापना दिवस समारोह पर चर्चा की गई और कार्यक्रम को लेकर सभी की ड्यूट्यिां लगाई गई। प्रधान खेमचंद बेनीवाल ने बताया कि 13 सितंबर 1975 को बिश्नोई सभा एवं धर्मशाला सिरसा की स्थापना हुई थी। अब आगामी 13 सितंबर को 51वां स्थापना दिवस पूरे समाज के सहयोग से विशेष तौर पर मनाया जाएगा, जिसमें 7 सितंबर से 13 सितंबर तक जांभाणी हरिकथा का आयोजन किया जाएगा और 13 सितंबर को समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह एवं वार्षिक अधिवेशन आयोजित होगा। इसमें समाज के सभी लोग शिरकत करेंगे। बैठक के दौरान सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने अपने विचार रखे और कार्यक्रम के अच्छे आयोजन को लेकर अपने सुझाव पेश किए। सभी सदस्यों की समिति ने तय किया कि आगामी 7 से 13 सितंबर तक प्रसिद्ध कथावाचक राजेंद्रानंद महाराज कथा करेंगे, वहीं मुख्य समारोह में 13 सितंबर को राजस्थान के आईपीएस देवेंद्र भादू, एसएसपी कोटपुतली मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इसी तरह कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा और सामाजिक एकता जागरूकता से संबंधित विषयों पर विशेष वक्ता पहुंचेंगे।

**ये रहे उपस्थित**

इस सभा में देशकमल बिश्नोई, जगतपाल कड़वासरा, हवासिंह एडवोकेट, पवन कुमार एडवोकेट, डॉ. मनीराम सहारण, दिनेश बिश्नोई डबवाली, सुशील बेनीवाल, हनुमान पटवारी, रिटायर्ड ईटीओ जगदीश खदाव, सुशील बेनीवाल, कृष्ण लाल बेनीवाल व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विद्युत ध्यान ऊर्जा जागरण व संतुलन की साधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

समर्थगुरु धारा संघ ने कौशिक नगर स्थित ध्यान केंद्र में संडे ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इसमें आचार्य जितेंद्र ने साधकों को विद्युत ध्यान का करवाया। सत्र की शुरुआत उत्सव, गुरु वंदना और ध्यान की महत्ता पर संक्षिप्त प्रवचन से हुई।

आचार्य ने बताया कि विद्युत ध्यान एक विशेष ध्यान पद्धति है, जिसमें साधक अपने शरीर और मन में विद्युत (ऊर्जा) के प्रवाह को महसूस करता और संतुलित करता है। इसका उद्देश्य है तनाव कम करना, मानसिक स्थिरता पाना और शरीर की प्राकृतिक ऊर्जा को सक्रिय करना। इसके बाद आचार्य जितेंद्र ने साधकों को क्रमवार विद्युत ध्यान की प्रक्रिया समझाई और ध्यान के दौरान उत्पन्न होने वाली ऊर्जाओं को संतुलित करने के उपाय बताए। आचार्य ने बताया कि ध्यान के प्रकार और तकनीकें विभिन्न हो सकती हैं और यह आध्यात्मिक गुरु या आध्यात्मिक शिक्षक के मार्गदर्शन में किया जाता है।

ध्यान के बाद कार्यक्रम के समापन पर समर्थगुरु धारा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य सुभाष ने आज के सत्र के आचार्य जितेन्द्र का आभार व्यक्त किया एवं उपस्थित सभी साधकों को आगामी ध्यान सत्रों की जानकारी भी प्रदान की। हमारे जीवन में ध्यान के महत्व पर विस्तार से बताते हुए समर्थगुरु धारा संघ के कार्यक्रमों के बारे चर्चा की। विशेष जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि समर्थगुरु धारा संघ द्वारा 5 से 7 सितम्बर को पूरे देश में एक साथ बहुत से शहरों में तीन दिवसीय ध्यान योग का आयोजन किया जायेगा।



**हिसार।** कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में आयोजित ध्यान कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे साधक।

## मंगलसूत्र चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** शहर पुलिस ने ऑटो में सवार महिला के बैग से सोने का मंगलसूत्र चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें सुलचानी निवासी हरीश व बवानीखेड़ा निवासी राजा शामिल है। पुलिस ने उनसे चोरीशुदा मंगलसूत्र बरामद किया है। जांच अधिकारी एएसआई सुभाष के अनुसार इस संबंध में कृष्णा नगर निवासी शिकायतकर्ता कृष्णा ने 9 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने घर से बस स्टेंड जाने के लिए ऑटो में बैठी थी। गुरुद्वारा के पास चार व्यक्ति ऑटो में सवार हुए और हिसार बस स्टेंड से पहले उतर गए। बाद में शिकायतकर्ता को बैग में रखा उसका सोने का मंगलसूत्र गायब मिला। शिकायत के आधार पर शहर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### लोकतंत्र व मतदाता अधिकारों पर कांग्रेस का रुख

# चुनाव आयोग तथ्यों पर दे पारदर्शी जवाबः सैलजा

- 'एक व्यक्ति, एक वोट' के मूल लोकतांत्रिक सिद्धांत पर गंभीर आघात है : सांसद कुमारी सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि भारत का लोकतंत्र पारदर्शिता, निष्पक्षता और जनता के विश्वास पर टिका है। इसी मूल भावना के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरी के गंभीर मुद्दे को देश के सामने रखा है। यह कोई कल्पना या भावनात्मक बयान नहीं, बल्कि छह महीने की गहन जांच और स्वयं चुनाव आयोग द्वारा जारी आधिकारिक दस्तावेजों के आधार पर सामने आया तथ्य है।

कांग्रेस चुनाव आयोग से अपेक्षा करती हैं कि वह लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाए और बिना किसी राजनीतिक दबाव के पारदर्शी जांच व जवाबदेही सुनिश्चित करे। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि वोट चोरी 'एक व्यक्ति, एक वोट' के मूल लोकतांत्रिक सिद्धांत पर गंभीर आघात है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए पारदर्शी व अद्यतन मतदाता सूची अनिवार्य है। हमारी स्पष्ट मांग है चुनाव आयोग डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करे, ताकि जनता और राजनीतिक दल स्वयं उसका ऑडिट कर सकें। यह लड़ाई हर नागरिक के अधिकार और विश्वास की रक्षा की है। सांसद ने कहा कि कांग्रेस स्पष्ट करना चाहती है कि प्रत्येक तथ्य ठोस दस्तावेज़ी प्रमाणों और शोध के साथ रखा गया है। यह मामला केवल किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि हर भारतीय मतदाता के अधिकार और लोकतंत्र की साख का है। सवाल यह है कि क्या हमारे मतदाता का वोट सुरक्षित और गिनती में सही तरीके से शामिल हो रहा है?

कांग्रेस का मानना है कि चुनाव आयोग का दायित्व है कि वह इन तथ्यों पर सीधा, तथ्याधारित और पारदर्शी जवाब दे, जनता को स्पष्ट जानकारी मिले कि आयोग ने इस विषय पर क्या कदम उठाए हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

शहर में एक वृद्ध व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने रविवार को परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। पुलिस को दर्ज करवाई शिकायत में हरजिंद्र सिंह के बेटे सोनू ने बताया कि उसके पिता शनिवार रात को खाने खाने के बाद टहलने के लिए गए थे। इसी दौरान उसे सूचना मिली कि उसके पिता घर के निकट ही एक गली में बेसुध हालत में पड़े हैं जिस पर वह मौके पर पहुंचा और अपने पिता को संभाला। उसके पिता के सिर से खून बह रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वृद्ध व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आशंका जताई है कि रंजिशन उसके पिता की हत्या की गई है। सोनू का कहना है कि उसके पिता की हत्या कर हादसे का रूप देने की कोशिश की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सोनू का आरोप है कि पहले उसके भाई संदीप पर 9 जुलाई को हमला हुआ था। इस हमले में संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया था और एक सप्ताह के बाद उसकी बठिंड एम्स में मौत हो गई।

# दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने रक्षाबंधन पर्व पर की कथा आयोजित

- राखी मात्रा एक धागा नहीं बल्कि भावनाओं का पुलिंदा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कथा का आयोजन किया गया। इस अवसर श्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी वंदना भारती ने कहा कि राखी मात्रा एक धागा नहीं बल्कि भावनाओं का पुलिंदा है। इसका रेशा रेशा उच्च व पवित्र भावनाओं में गूंथा है। यह इन भावनाओं में समाई महान शक्ति है जिसने राखी का महान इतिहास रचा।

साध्वी वंदना भारती ने बताया कि खून का संबंध न होने पर भी जान पर खेल कर राखी के व्रत को निभाने वाला उम्मीद सिंह राखी के एक आवाह्न पर अपनी जान की परवाह किए बगैर जंगे मैदान में कूद पड़ा। राखी के महीने धागे की आन रखने के लिए उसने फिरोज शाह की सेना की ईट से ईट बजा दी। और अपनी बहन पन्ना को उसका राज्य सही सलामत वापस सौंप दिया। जब भगवान विष्णु राजा बलि के द्वारपाल के रूप में अधीन हो गए तब लक्ष्मी जी ने इसी धागे का सहारा लेकर अपने स्वामी को बली की दासता से मुक्त करवाया। अतः इस सूत्र की अनुपम कथाएं हमारे पौराणिक इतिहास तक को गौरवान्वित करती हैं।

इतना ही नहीं इस धागे की विलक्षणता ने स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास तक पर अपनी छाप छोड़ी है। जब स्वतंत्रता की रणचंडी भारत के बेटों से रक्त मांग रही थी तब इस देश की माता बहनों ने सत्याग्रहियों की कलाइयों पर रक्षा का यही सूत्र बांधा था उस समय यह सूत्र महज धागा नहीं जाग्रति की धड़कती मिशाल साबित हुआ।

जिसने अपनी लपटों की आंच से एक संदेश प्रसारित किया-हमारे वीर भाइयों! जैसे एक भाई बहन की अस्मिता की रक्षा के लिए जान की बाजी लगा देता है, वैसे ही आज भारत मां के लिए तुम अपने सिरों पर हिम्मत के कफन पहन कर शत्रुओं से जूझ पड़ो।


**हांसी।** रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में प्रवचन करती साध्वी वंदना भारती।

## पब्लिक हेल्थ ने शुरू किया काम, गुजवि के आगे रास्ता रोका

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय से बरवाला चुंगी रोड को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। करीब एक सप्ताह तक यह रोड बंद रहेगा। ऐसे में सिरसा या दिल्ली से आने वाले वाहन चालकों को एयरपोर्ट चौक व सिरसा चुंगी से ही शहर में एंट्री करनी पड़ेगी। रविवार दोपहर बाद अचानक रोड बंद करने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि पब्लिक हेल्थ का कहना है कि पुलिस को रोड बंद करने के बाद में पहले ही सूचना दे दी गई थी। इसके बाद इस फोरलेन रोड को दोनों तरफ डिवाइडर अड़ाकर बंद कर दिया गया है।

# कोबरा के काटने से बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

शहर में कोबरा के काटने से 7 साल की बच्ची की मौत हो गई। घटना के समय बच्ची वार्ड नंबर 6 में परिवार के साथ सो रही थी कि शनिवार रात करीब ढाई बजे लगभग 7 वर्षीय अर्पिता को कोबरा सांप ने काट लिया।

सांप के काटते ही बच्ची दर्द से कराह उठी, जिससे परिजनों की नींद खुली। उन्होंने आंगन में सांप को निकलते हुए देखा। अर्पिता के पिता सोमनाथ मजदूरी करते हैं और उनकी चार बेटियां हैं। रक्षाबंधन का त्योहार मनाने के लिए सोमनाथ अपनी पत्नी के साथ ससुराल गए हुए थे। घर पर सोमनाथ की बहन और जीजा अपने बच्चों के साथ आए हुए थे। शनिवार रात सभी बच्चे और परिजन एक बेड और चारपाई पर सो रहे थे। रात करीब ढाई बजे अचानक अर्पिता रोने लगी। जब परिजन उठे तो देखा कि उसकी आंख और नाक के पास सूजन थी। इसी दौरान उन्होंने आंगन में एक कोबरा सांप को जाते हुए देखा। परिजन तुरंत अर्पिता को नारनौंद के नागरिक अस्पताल ले गए। वहां से डॉक्टरों ने उसे जींद रेफर कर दिया। जींद के नागरिक अस्पताल में डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से परिवार और मोहल्ले में शोक छा गया है। रक्षाबंधन के दिन हुई इस घटना ने सभी को गमगीन कर दिया है।


**नारनौंद।** कोबरा के काटने से मरी सात वर्षीय बच्ची अर्पिता।

## सीआईटीयू जिला सम्मेलन संपन्न संघर्ष तेज करने का संकल्प

**हिसार।** शहर की जाट धर्मशाला में सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) का जिला सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की शुरुआत में जिला प्रधान कामरेड सुरेश कुमार ने संगठन का झंडा फहराया। इसके बाद खुले अधिवेशन का उद्घाटन भाषण कामरेड सतबीर ने दिया। सम्मेलन में लगभग 100 डेलीगेट सदस्य शामिल हुए। विभिन्न सहयोगी संगठनों ने भी इसमें भागीदारी और समर्थन दिया, जिनमें पंकज भगला, निखिल, महिला समिति से बबली लांबा, जनवादी लेखक संघ से श्रद्धानंद राजली, खेत मजदूर यूनियन से कामरेड मियांसिंह व रोहताश राजली तथा किसान सभा से दिनेश सिवाच शामिल रहे। सम्मेलन में आंदोलन के दौरान जेल गए साथियों को भी समानित किया गया। समापन अवसर पर सीटू के राज्य महासचिव कामरेड जयभगवान ने मजदूरों के मुद्दों पर संघर्ष को तेज करने, चार लेबर कोड रद्द करवाने और संगठन की सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया। सम्मेलन में राज्य से कामरेड सतबीर सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में नई जिला कमेटी का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया, जिसमें कामरेड सुरेश कुमार को प्रधान, कामरेड मनोज सोनी को सचिव, अनिता को कैशियर चुना गया।

# दबाव व धमकी देकर रुपए वसूलने के मामले में दो काबू

- दो युवकों ने कुछ दिन पहले वार्ड नंबर 10 नारनौंद के नसीब को 60 हजार दिए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

सीआईए नारनौंद टीम ने दबाव व धमकी देकर रुपए वसूलने वाले मामले में आरोपित युवक भैणी अमीरपुर निवासी आशीष व दीपक को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

सीआईए नारनौंद में तैनात एएसआई अनिल कुमार ने बताया कि दो युवकों ने कुछ दिन पहले वार्ड नंबर 10 नारनौंद निवासी नसीब को 60 हजार रुपए दिए थे। उन्होंने 60 हजार की एवज में उससे 90 हजार रुपए वसूल लिए और 15 हजार रुपए और देने का दबाव व धमकी देकर मांग कर रहे थे। पीड़ित युवक नसीब ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस शिकायत के आधार पर भैणी अमीरपुर निवासी आशीष व दीपक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। सीआईए नारनौंद पुलिस ने इस मामले के दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनको अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# संगठनों ने पौधारोपण कर दी विभाजन विभीषिका के शहीदों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गांव आनंदगढ़ में बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट व शहीद मदनलाल युवा क्लब गांव आनंदगढ़ ने 79 पौधे लगाकर विभाजन विभीषिका में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे भाजपा के प्रदेश सचिव सुरेंद्र आर्य ने कहा कि जब हमारा देश आजाद हुआ तब इस खुशी के साथ-साथ हमारे देशवासियों को विभाजन विभिषिका का दंश भी झेलना पड़ा था। लाखों लोगों का खून बहा, अनगिनत जानें गई। उन्होंने कहा कि आप सभी युवा हैं और युवाओं के कंधों पर देश का भार है। इसलिए युवा नशे से दूर रहें, देश हित में काम करें। पर्यावरण बचाने में सहयोग करें। बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट व शहीद मदन लाल युवा क्लब ने आनंदगढ़ में पौधारोपण कर बेहतरीन कार्य किया है। इस मौके पर समाजसेवी सरदार रणजीत सिंह टक्कर ने उपस्थित ग्रामवासियों को नशा न करने, पौधारोपण करने व देशसेवा की शपथ दिलाई। इस मौके पर बेटा बचाओ अभियान से तरूण भाटी, अमन बजाज, मांगेराम गोदारा, ग्राम सरपंच विकास कुमार, पालाराम गोदारा, जगतपाल गोदारा, एडवोकेट शेर सिंह गोदारा, इंद्राज मंडा, पूर्व सरपंच दलबीर बेनीवाल, बलबीर बुडानिया, बजरंग भंवरिया, रवि, मनीराम प्रजापत आदि उपस्थित थे।



**एडवाइजरी** साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर फतेहाबाद पुलिस की एडवाइजरी जारी

# इनकम टैक्स विभाग की फर्जी ई-मेल से आयकर रिफंड का झांसा, सावधानी से करें क्लिक : एसपी

- नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में साइबर ठगी के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं, जिनमें आयकर विभाग के नाम पर फर्जी ई-मेल भेजकर आम नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशन में फतेहाबाद पुलिस ने साइबर सुरक्षा को लेकर एक विशेष एडवाइजरी जारी की है और नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर ठग खुद को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का अधिकारी बताकर ई-मेल भेजते हैं, जिनमें टैक्स रिफंड, पेनल्टी भुगतान या दस्तावेज़ सत्यापन के बहाने एक लिंक भेजा जाता है। जैसे ही व्यक्ति उस लिंक पर क्लिक करता है, उसका डिवाइस हैक हो सकता है और बैंक खाता, ओटीपी, पासवर्ड सहित तमाम संवेदनशील जानकारियाँ साइबर अपराधियों के हाथ लग सकती हैं। फतेहाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आयकर विभाग कभी भी ई-मेल, व्हाट्सएप या कॉल के माध्यम से पासवर्ड, ओटीपी या बैंक विवरण नहीं मांगता।

एसपी ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी अनजान ई-मेल में दिए गए लिंक या अटैचमेंट को न खोलें। ई-मेल भेजने वाले का ईमेल पता ध्यान से जांचें और जानकारी को आधिकारिक वेबसाइट से ही सत्यापित करें।

एसपी ने कहा कि ऐसे मामलों में आम नागरिकों की सतर्कता ही सबसे बड़ा हथियार है। ठगों की साजिश से बचने के लिए जागरूक रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।


एसपी सिद्धांत जैन।

## खबर संक्षेप

### रक्षाबंधन पर श्री श्याम बगीची में लगाए 101 पौधे

**सिरसा।** श्री श्याम बगीची धाम में रक्षा बंधन के उपलक्ष्य में शनिवार शाम को श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से पौधारोपण अभियान चलाया गया। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में शनिवार शाम को बगीची परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि श्यामप्रेमियों के द्वारा 101 फूलों के पौधेरोपित किए गए। पौधारोपण से पूर्व अरदास ताली कीर्तन की ओर से भजनों के माध्यम से बाबा श्याम के चरणों में हाजिरी लगाई गई। इसके बाद सेवादारों ने बगीची परिसर में फूलों के 101 पौधे रोपित किए।

### किसान के साथ हुई लूट का आरोपी पंजाब से काबू

**डबवाली।** एएनसी स्टाफ डबवाली ने चौटाला रोड पर किसान के आंख में मिर्ची पाउडर डालकर नगदी लूटने के मामले में वांछित तीसरे आरोपी को तलवंडी भाई (फिरोजपुर) पंजाब से काबू किया है। आरोपी की पहचान अजय कुमार पुत्र गुरविन्द्र सिंह निवासी कबीर बस्ती मंडी डबवाली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में दो आरोपियों शमिंदर सिंह पुत्र बगीचा सिंह निवासी बनवाला अनुका थाना लम्बी जिला मुक्तसर साहिब पंजाब हाल कबीर बस्ती डबवाली व मनप्रीत सिंह उर्फ कालू पुत्र शंभू सिंह निवासी सकता खेड़ा को काबू कर लूटी गई 1 लाख 17 हजार नगद राशि बरामद कर जेल भेजा था। जो इस मामले में वांछित आरोपी अजय कुमार को काबू किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### वेद मंत्रों के गायन से मन होता शांतः शीतल

**सिरसा।** आर्य समाज मंदिर के कार्यकारी प्रधान भूप सिंह गहलोत ने व्यक्ति के जीवन में शांति व शीतलता के संदर्भ में महर्षि दयानंद सरस्वती का उदाहरण देते हुए बताया कि महर्षि ने कहा कि श्रद्धा न हो तो ज्ञान नहीं होता और अगर ज्ञान नहीं होगा तो मन में एकाग्रता नहीं होगी और यदि एकाग्रता न होगी तो ईश्वर की प्राप्ति नहीं हो सकती। वे श्रावणी उपाक्र म रक्षाबंधन पर्व पर आयोजित हवन यज्ञ व वैदिक सत्संग में उपस्थित आर्यजनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रावणी उपाक्रम भारतीय वैदिक परंपरा का अंग है। इस समय वेद, वेद मंत्रों के विषय में चर्चा की जाती है।

### रोलर स्केटिंग में छाए किड्स किंगडम के छात्र

**डबवाली।** शहर के मलोट रोड स्थित किड्स किंगडम कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने दो दिवसीय 9वीं डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप-2025 में अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय व अपने अभिभावकों को गौरवान्वित किया। प्रिंसिपल प्रमोद जॉसफ ने बताया कि विद्यालय कोच छिंदरपाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन में डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग ऐसोसिएशन की ओर से नई अनाज मंडी रामपुराफूल में आयोजित दो दिवसीय 9वीं डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप-2025 में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और अपनी प्रतिद्वंदी टीमों को धूल चटाई।

# ऑपरेशन सिंदूर : भारत की तरफ आंख उठाने वाले को अब बख्शा नहीं जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को मंडल स्तर की तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया। इसी कड़ी में आज भाजपा भिरड़ाना मंडल की तिरंगा यात्रा गांव हिजरावां कलां में पूरे उत्साह के साथ निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने शिरकत की। तिरंगा यात्रा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार भोडिया ने की। गांव के सरपंच प्रतिनिधि करण सिंह ने भाजपा नेताओं का स्वागत किया। गांव की मुख्य सडक़ों पर देशभक्ति के जोशिले नारों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। गांववासियों ने भी उत्साह व जोश के साथ तिरंगा यात्रा का स्वागत किया।'भारत माता की जय', वन्दे मातरम् के जयघोष से पूरा गांव राष्ट्रभक्ति में डूबता नजर आया। बीजेपी जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन बान और शान है। लहराते तिरंगे पर नजर पड़ते ही हर भारतीय का दिल गर्व से भर जाता है और दिल से तिरंगा को सलाम करता है। उन्होंने कहा कि इस तिरंगे की शान में देश के अनेक वीरों सैनिकों व स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। भारतीय जनता पार्टी देश के गौरव पर कभी आंच नहीं आने देती। इस बात का प्रमाण पूरा देश है। मई 20 में जब पाक ने नापाक आतंकी हमला कर भारत की गरिमा को चोट पहुंचाई तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक एक देशवासी की आवाज हथियार बनाकर ऑप्रेशन सिन्दूर के तहत इस नापाक और कायराना हमले का जवाब दुश्मन देश के घर में घुसकर दिया। उरी सर्जिकल स्ट्राईक, बालाकोट एयर स्ट्राईक व अन्य सैन्य कार्रवाही से हर बार दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब देकर पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वाली भाजपा सरकार ने पूरे विश्व को संदेश दिया कि भारत की तरफ आंख उठाने वाले को अब बख्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा जिला संयोजक अनिल सिहाग, सहसंयोजक सुभाष खीचड़, जिला उपाध्यक्ष भीम लाम्बा, इंद्र गांवड़ी, गांव रजाबाद के सरपंच गुरभेज सिंह रंधावा, भूप सिंह, लायकराम, गुरमीत बाजीगर, परमवीर सरपंच, राधा कृष्ण नारंग, अजमेर सिंह, रामलाल, हवा सिंह, राजेंद्र सैनी, अयालकी के सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र लखेरा, रमेश ढाका, भूप शनिवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश आहूजा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हिजरावां में उत्साह के साथ निकाली गई भाजपा भिरड़ाना मंडल की तिरंगा यात्रा

### फतेहाबाद विधानसभा की तिरंगा यात्रा आज

*बीजेपी द्वारा 11 अगस्त को प्रातः 8 बजे फतेहाबाद के लाल बत्ती चौक से विधानसभा की तिरंगा यात्रा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा के नेतृत्व में निकाली जाएगी। यह यात्रा लालबत्ती चौक से शुरू होगी। इसके बाद जीटी रोड होते हुए लघु सचिवालय के पास स्थित शहीदी स्मारक पर पहुंचेगी। इसी तरह टोहाना में निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा में पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला शामिल हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त रतिया में पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल तिरंगा यात्राओं का नेतृत्व करेंगी।*



फतेहाबाद गांव हिजरावां कलां में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा नेता।

## शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क अब समुदाय के जीवंत केंद्र में बदला

# हरियाली का आनंद लेने के लिए पार्क में सुबह और शाम महिलाओं व बच्चों की रौनक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दलबीर सिंह/भूना

उकलाना रोड पर शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क करीब 2 वर्ष पहले बदहाल और आवारा जानवरों तक सीमित था। मॉडल टाउनवासी सुभाष चंद्र बारवालिया व हुकम चंद गर्ग ने मिलकर पार्क समस्या समाधान को लेकर सर्वप्रथम आगे आए। इसके बाद सब ने मिल-जुलकर कर पार्क सौंदर्यकरण व सुधार पर बहुत काम किया, इसलिए वर्तमान में यह पार्क काफी सुंदर और आकर्षक बन चुका है। फूलों एवं विदेशी पौधों की महक से शुद्ध वातावरण और शारीरिक फिटनेस यंत्रों का फायदा उठाने के लिए सुबह शाम सैकड़ो लोग पार्क में सैर-सपाटा करने पहुंच रहे है। वार्ड वासियों की मेहनत को देखते हुए नगर पालिका भूना ने भी आर्थिक मदद के रूप से प्रति महीना करीब 24 हजार देने शुरू कर दिए। जो पिछले कई महीनो से पार्क कमेटी को मिल रहे हैं। अब निजी कमेटी ने पार्क में रख रखाव के एक स्थाई माली को रखा हुआ है। पार्क में दोपहर को स्प्रिंकलर सिस्टम से बने फव्वारे पौधों पर पानी का छिडक़ाव करीब लगातार 3 घंटे तक होता है इसलिए पूरे पार्क में हरियाली और फूलों की सुगंध लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई।





**भूना।** शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क की बदली हुई तस्वीर व शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में लगे झूले एवं फिटनेस यंत्र।

### नई शुरुआत का पार्क

पार्क की सुंदरता और स्वच्छता में मॉडल टाउनवासी सुभाष चंद्र बारवालिया का विशेष योगदान रहा है, जिन्होंने तपती धूप में भी हरी घास लगाने और उसकी देखभाल करने में खूब पसीना बहाया। शहीद चंद्रशेखर आज़ाद पार्क अब समुदाय के जीवंत केंद्र में बदल गया है। निडर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के नाम पर बना यह पार्क अब न केवल स्वतंत्रता की भावना, बल्कि स्थानीय लोगों के लचीलेपन और एकता का भी प्रतीक है। भूना के लोगों ने नगरपालिका अधिकारियों के साथ मिलकर पार्क को एक स्वच्छ, हरा-भरा और स्वागत योग्य स्थान में बदल दिया है। आज हरी-भरी घास, करीने से काटी गई झाडियां और पेड़ों से घिरे रास्ते, बुजुर्गों के लिए एक शांतिपूर्ण विश्राम स्थल, बच्चों के लिए खेलने का अड्डा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों के लिए एक पैदल मार्ग प्रदान करते हैं। इस पार्क को सिर्फ इसकी हरियाली ही नहीं, बल्कि इसकी सोची-समझी योजना भी खास बनाती है। दो रंगों वाले कूड़ेदान स्वच्छता और कचरे के पृथक्करण को बढ़ावा देते हैं। बेंच आराम और चिंतन के लिए जगह प्रदान करती हैं। खेल के उपकरण इस क्षेत्र में जीवन और हंसी का संचार करते हैं, जहां बच्चे अपने माता-पिता की निगरानी में झूला झूलते और फिसलते हैं। स्थानीय दुकानदार और मॉडल टाउनवासियों की बनी कमेटी पार्क के रखरखाव के लिए समय और संसाधन देते हैं, खासकर त्योहारों या राष्ट्रीय छुट्टियों के दौरान जब यहां सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह सिर्फ एक पार्क नहीं है। यह सामूहिक देखभाल का प्रतीक है, जहां हर सुबह टहलने वाला, हर बच्चा और हर बुजुर्ग घर जैसा महसूस करता है।

### पालिका ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी : चेयरपर्सन

नगर पालिका की चेयरपर्सन अर्पणा पंकज पसरीजा ने बताया कि हमने भी पार्क सुधार में कोई कमी नहीं छोड़ी और अग्रणीय लोगों के साथ मिलकर उनका सहयोग किया है। नगर पालिका ने पार्क के चारों ओर ग्रेनाइट पत्थर एवं स्टील की ग्रिल और गेट बनवाकर दिए। पार्क में बच्चों के लिए मनोरंजन झूले और युवाओं के लिए शारीरिक फिटनेस यंत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई हैं।

### पार्क सुधार के लिए बनी कमेटी

शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क का सुधार और व्यवस्था बनाए रखने के लिए उकलाना रोड एवं मॉडल टाउनवासियों के लोगों की एक कमेटी बनाई गई है। इसमें प्रधान विनोद सिंगला, उपप्रधान सुभाष बरवालिया, कोषाध्यक्ष अतुल गर्ग, सचिव डॉक्टर रणसिंह थाकण, हुकमचंद गर्ग, बजरंग बंसल, डॉक्टर सुशील शर्मा, कुलदीप वर्मा, विजय अग्रवाल, पूर्व पार्षद रहीसल, अंकित बंसल, जगदीश टोहानिया, दीप वर्मा, बृजलाल बंसल सहित बड़ी संख्या में लोग पार्क की व्यवस्था सुधारने में जुटे हुए हैं।

## सीआईए टोहाना पुलिस ने डोडा पोस्त सहित हिसार के युवक को किया गिरफ्तार



**फतेहाबाद।** जिले में नशे के खिलाफ जारी अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस ने हिसार के एक युवक को काबू किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 2 किलो 300 ग्राम डोडा पोस्त के साथ एक तस्कर को गांव खनौरा से दबोचा है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सेठी पुत्र ज्ञानचंद निवासी बालावास जिला हिसार के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशन में सीआईए टोहाना द्वारा अपराध एवं नशा तस्करी पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस टीम एसआई जग्गा सिंह के नेतृत्व में गश्त पर थी, तभी टीम को सूचना मिली कि गांव खनौरा में एक व्यक्ति डोडा पोस्त बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और संदिग्ध युवक को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 2 किलो 300 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर थाना सदर टोहाना में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि वह नशे की खेप कहां से लाया और किन लोगों तक सप्लाई करता था। जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

## फतेहाबाद में बिजली अदालत 12 अगस्त को, अधिकारी सुनेंगे समस्याएं

**फतेहाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा फतेहाबाद में 12 अगस्त मंगलवार को सुबह 11 बजे बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता संदीप मेहता ने बताया कि यह बिजली अदालत प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक भट्टू रोड, मिनी बाईपास के पास, 132 केवी पॉवर हाऊस में स्थित एसई ऑपरेशन सर्कल, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय में आयोजित की जाएगी। बिजली अदालत की अध्यक्षता दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम सर्कल फतेहाबाद के अधीक्षण अभियंता एसएस राय करेंगे। इस बिजली अदालत में निगम के कार्यकारी अभियंता फतेहाबाद संदीप मेहता, कार्यकारी अभियंता टोहाना कृष्ण कुमार सहित बिजली निगम के अन्य अधिकारी भी भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस बिजली अदालत में क्षेत्र के उपभोक्ता बिजली से सम्बंधित अपनी समस्या को अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं। अधिकारियों द्वारा बिजली अदालत में आई उचित समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा। इसके अलावा 6 मई, 23 मई, 18 जुलाई, 30 जुलाई और 5 अगस्त को आयोजित बिजली अदालत में पेंडिंग रहे मामलों की भी समीक्षा की जाएगी।

# नशे से दूर रहने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में नशामुक्ति टीम के इंचार्ज एसआई सुंदर सिंह के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम द्वारा गांव माणकपुर, लाली और बाड़ा में विशेष अभियान चलाया गया। गांव माणकपुर में टीम ने तीन नव-चिन्हित तथा दो पूर्व-चिन्हित नशा पीड़ितों की पहचान की। सभी पीड़ितों को काउंसलिंग के उपरांत आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक दवाएं उपलब्ध करवाई गईं तथा उनका डोजियर फॉर्म भरकर भविष्य में निगरानी सुनिश्चित की गई। इसी प्रकार, गांव लाली में दो नव-चिन्हित और दो पूर्व-चिन्हित नशा पीड़ितों का उपचार एवं काउंसलिंग की गई। अभियान के दौरान टीम ने ग्रामीणों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। साथ ही, उन्हें सरकारी सहायता योजनाओं, पुनर्वास सुविधाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, गांव बाड़ा में टीम ने गली और चौराहों पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान पंपलेट वितरित कर युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई कि वे नशा पीड़ितों की पहचान में सहयोग करें और उन्हें उपचार हेतु प्रेरित करें। पुलिस का यह प्रयास पीड़ितों के पुनर्वास में मददगार सिद्ध हो रहा है।



**फतेहाबाद।** ग्रामीणों को नशा के खिलाफ जागरूक करते एसआई सुंदर सिंह।

### बाइक सवार युवक से हेरोइन बरामद, केस

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान भावदीन क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार युवक को लाखों रुपये की 70 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम बजरंग सिंह के नेतृत्व में गश्त व चैकिंग के दौरान बरुवाली-भावदीन मार्ग पर मौजूद थी। इस दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार युवक ने पुलिस वाहन देखकर घबराकर बाइक मोडने की कोशिश की, जिसे घेराबंदी कर काबू किया गया। युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जा से 70 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान विकास उर्फ विक्की पुत्र केसरदास निवासी भावदीन जिला सिरसा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ डिंग थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# भारती चुने गए राष्ट्रीय अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

देश के सबसे बड़े शिक्षक संगठन स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन कोलकाता में सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में फतेहाबाद जिले के वरिष्ठ शिक्षक सीएन भारती को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा तेलंगाना के शिक्षक नेता चावा रवि को महासचिव बनाया गया। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ सम्बंधित स्कूल टीचर्ज फेडरेशन ऑफ इंडिया के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, राज्य उपमहासचिव कृष्ण नैन, राज्य आडिटर सुरजीत दुसाद ने आज यहां बताया कि इस अधिवेशन में फतेहाबाद के अलावा प्रदेशभर के डेलीगेट्स ने भी हिस्सा लिया। अधिवेशन में चुनी गई 30 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी में हरियाणा से प्रभु सिंह को उपाध्यक्ष, अल्का सिवाच, निशा व गुरमीत सिंह को केंद्रीय जनरल कौंसिल मेंबर के रूप में चुना गया है। नव-निर्वाचित कमेटी ने आगामी तीन वर्षों के लिए अपने लक्ष्यों और संकल्पों को दोहराया। कमेटी ने पूरे देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के खिलाफ कड़ा विरोध करने और एक मजबूत आंदोलन खड़ा करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही कच्चे शिक्षकों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षकों की स्थाई भर्ती की मांग को सरकार के सामने मजबूती से रखा जाएगा। कमेटी ने यह भी कहा कि वे स्कूलों को आपस में मिलाने की सरकारी साजिश का जनता के सभी वर्गों के साथ मिलकर मुकाबला करेंगे। अध्यापक नेताओं ने कहा कि फेडरेशन का मुख्य लक्ष्य सार्वजनिक शिक्षा की रक्षा करना, शिक्षकों के हितों की हिफाजत करना और जनता के बुनियादी अधिकारों के लिए संघर्ष करना है।



**फतेहाबाद।** स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अधिवेशन में चुने गए पदाधिकारी।



## स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**ओढां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नुहियांवाली में कार्यक्रम अधिकारी पवनदीप सिंह की अध्यक्षता में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत सुबह की प्रार्थना के साथ हुई और स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया। इसके पश्चात पौधों की कटाई-छंटाई और स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने विद्यालय की मुख्य सड़क, उज्जल वाटिका व लॉन की झाड़ू निकालकर साफ सफाई की। इसके बाद घास-फूस व पत्तों को एकत्र किया तथा नालियों की निराई-गुड़ाई की गई। कार्यक्रम अधिकारी पवनदीप ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के महत्त्व और जीवन में इसके योगदान के बारे में बताया। विजेन्द्र कुमार पीटीआई ने स्वयंसेवकों को अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने और पेड़-पौधों की देखभाल करने के तरीकों के बारे में जागरुक किया। इस दौरान स्वयंसेवकों को रिफ्रेशमेंट में चाय व समोसे भी दिए गए।



## वाहनों पर शीशे पर काली फिल्म लगाने वालों पर भी नकेल कसी

# नशे में वाहन चलाने वाले 30 लोगों पर कार्रवाई 15 बुलेट चालकों पर भी पुलिस ने लिया एक्शन

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

*1 अगस्त से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सडक़ सुरक्षा व व्यवस्था को बनाए रखने हेतु समर्पित इस अभियान में शराब पीकर वाहन चलाने, बुलेट में तेज आवाज वाले अवैध साइलेंसर, काली फिल्म वाली गाडियां, और आवागमन पर कानूनी नियंत्रण जैसे मामलों पर सख्त कार्रवाई की गई है। यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वाले 30 चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किए गए।*

ट्रेफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ ट्रेफिक पुलिस फतेहाबाद द्वारा 1 अगस्त से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सडक़ सुरक्षा व व्यवस्था को बनाए रखने हेतु समर्पित इस अभियान में शराब पीकर वाहन चलाने, बुलेट में तेज आवाज वाले अवैध साइलेंसर, काली फिल्म वाली गाडियां, और आवागमन पर कानूनी नियंत्रण जैसे मामलों पर सख्त कार्रवाई की गई है। यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वाले 30 चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किए गए। कुछ गंभीर मामलों में न्यायालय में पेशी भी करवाई गई। एसपी सिद्धांत जैन का कहना है कि शराब पीकर वाहन चलाना केवल कानून अपराध नहीं, बल्कि समाजिक सुरक्षा हेतु भी एक गंभीर चुनौती है। इसके अलावा बुलेट मोटरसाइकिल में अवैध रूप से तेज आवाज उत्पन्न करने वाले मॉडिफाई किए साइलेंसर पर भी पुलिस कड़ा एक्शन ले रही है। इस दौरान अब तक 15 बुलेट चालक चालान किए गए और अवैध साइलेंसर जब्त कर लिए गए है।अपने चेहरे और धुंधली पहचान को छुपाने के लिए काली फिल्म का उपयोग करते लोगों पर भी पुलिस ने टेढी निगाह कर ली है। काली फिल्म लगाना कानूनन प्रतिबंधित है। पुलिस द्वारा पांच ऐसे वाहनों पर काली फिल्म हटवायी गई और विधिसम्मत कार्रवाई के साथ चालान किया गया। पुलिस ने चेतावनी दी है कि आपातकालीन सेवाएं, जैसे कि एम्बुलेंस को मार्ग न देना, एक गंभीर अपराध है। इसे मामलों में कार्रवाई की जाएगी।